**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 2-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद वाराणसी में नागरिक मलेरिया इकाई में कितने स्वीकृत पद है ? | जी हॉ,<br>जनपद वाराणसी में नगरीय मलेरिया इकाई में कुल 127 पद स्वीकृत हैं, जिसमें चिकित्सा अधिकारी -01 पद, मलेरिया निरीक्षक-03 पद, कीट संग्रहकर्ता-03 पद, वरिष्ठ क्षेत्र सेवक-30 पद तथा क्षेत्र सेवक के 90 पद हैं। |
| (ख) कुल पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने पद रिक्त है ? | कुल स्वीकृत 127 पदों के सापेक्ष 97 पद रिक्त हैं, जिसमें कीट संग्रहकर्ता-03 पद, वरिष्ठ क्षेत्र सेवक-15 पद तथा क्षेत्र सेवक के 79 पद रिक्त हैं।<br>उक्त समस्त रिक्त पद चतुर्थ श्रेणी के हैं, शासनादेश सं0-वे0आ0-2-2052/दस-59(एम)/2008, दिनांक 08.09.2010 के द्वारा चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित नियुक्ति पर रोक लगायी गयी है।<br>वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एन0एच0एम0 के माध्यम से वेक्टर जनित रोगों के संक्रमण काल (प्रत्येक वर्ष के माह जुलाई से माह नवम्बर तक) के लिए शहरी अजीविका केन्द्र (डूडा), वाराणसी से दैनिक मजदूरी के आधार पर प्राप्त कर्मियों से वेक्टर कन्ट्रोल का कार्य लिया जाता है। साथ ही शहरी आशाओं/ग्रामीण आशाओं के द्वारा भी एन्टोमोलॉजिकल सर्विलॉन्स, वेक्टर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जाता है। इस हेतु पूर्व के वर्षो की भॉति वर्ष 2024 में भी 30 घरेलू ब्रीडर चेकर्स एवं शहरी क्षेत्रों में 629 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 2105 आशाओं के माध्यम से उच्च संचरण काल जुलाई से नवम्बर तक घर-घर भ्रमण कर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादित किया जाता है। इसके साथ ही शासनादेश संख्या-1132/पॉच-5-2024, दिनांक 17.09.2024 के क्रम में पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग के |

| | |
|---|---|
| | सहयोग से जनपद में लार्वा निरोधक छिड़काव एवं फॉगिंग कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किया जाता है। नगर विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित स्थानों पर सघन वेक्टर नियंत्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियां सम्पादित की जाती हैं। वर्ष में 03 बार विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों के अन्तर्विभागीय समन्वय से मलेरिया और अन्य संचारी रोगों पर नियंत्रण किया जाता है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री।**